एक घंटे की बारिश ने खोली नगर पालिका की पोल

खाचरौद। नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारों की लापरवाही और जल निकासी की अव्यवस्था के चलते खाचरौद का गणेश देवली क्षेत्र में गुरुवार रात्रि में लगभग 1 घंटे हुई तेज बारिश में ही पूरे क्षेत्र में 2 से 3 फीट पानी भर गया। जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा वही जिम्मेदार पार्षद नदारद रहे।

स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि इस जलभराव की मुख्य वजह जवाहर मार्ग पर बनी पुलिया है। पहले यह पुलिया लगभग 80 फीट चौड़ी थी लेकिन नगर पालिका की अनदेखी और लापरवाही के चलते इसे 20 फीट में सिमट दिया गया। पुलिया की चौड़ाई कम होने के कारण बारिश का पानी पास नहीं हो पा रहा और पूरा पानी गणेश देवली क्षेत्र में भरकर घरों में घुस जाता है। लोगों का कहना है कि हर बार थोड़ी सी बारिश में ही यह स्थिति बन जाती है वहीं नाले के आसपास भी लोगों ने अपने घरों के पीछे अतिक्रमण कर पक्के निर्माण कर लिए हे जिससे जलभराव की समस्या बनी हुई है वही उक्त समस्या विगत वर्ष से बनी हुई है किंतु नगरपालिका ने जिम्मेदार जनप्रतिनिधि कुंभकर्णी नींद में हे ।

विधायक के निर्देश के बाद एसडीएम नेहा साहू ने नगर पालिका अमले के साथ संबंधित क्षेत्र व नालों का भ्रमण कर जल निकासी व्यवस्था का अवलोकन किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही इस समस्या के निदान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और स्थाई हल निकाला जाएगा।

विधायक के हस्तक्षेप के बाद हरकत में आया प्रशासन

इस मामले को भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल छाजेड़ ने शनिवार को उक्त मामले को विधायक डॉ . तेजबहादुर सिंह चौहान के समक्ष रखा और पूरे क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया। रहवासियों की पीड़ा सुनकर विधायक ने तत्काल प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि पहले समस्या का त्वरित हल निकालकर जनता को राहत दी जाए। साथ ही समस्या के स्थाई समाधान के लिए जो भी राशि लगेगी उसे देने का भरोसा भी दिलाया।

फिर भी नहीं चेता प्रशासन

समस्या की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय निवासियों ने बारिश से पहले ही स्थानीय प्रशासन और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित पत्र देकर अवगत कराया था। रहवासियों ने मांग की थी कि समय रहते जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की जाए। लेकिन नगरपालिका प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। नतीजा यह हुआ कि एक घंटे की बारिश ने नगर पालिका की पूरी पोल खोलकर रख दी।

वैदिक मंत्रोच्चार और शिव आराधना के साथ संपन्न

श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का वार्षिक उत्सव

नागदा। जीवाजी नगर स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का वार्षिक उत्सव गुरुवार को वैदिक परंपराओं के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। उत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: विशेष पूजन एवं रुद्राभिषेक के साथ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान नर्मदेश्वर महादेव का दुग्ध, जल एवं पंचामृत से अभिषेक किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं की सुख-समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना से वैदिक हवन अनुष्ठान संपन्न कराया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर धार्मिक लाभ प्राप्त किया। दोपहर में आयोजित भव्य महाआरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव और नम: शिवाय के जयघोष से गूंज उठा। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की गई।

श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिति के पुजारी पं. अजय पंड्या ने बताया कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह उत्सव भगवान शिव के प्रति श्रद्धा, सनातन संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं को सुदृढ़ करने का माध्यम है। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति, नर्मदेश्वर महादेव भक्त मंडल एवं सभी श्रद्धालुओं का सराहनीय सहयोग रहा।

एक नजर में

संत रविदास महाराज की भव्य महाआरती

उज्जैन। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्री रविदास सेवक संघ, जिला उज्जैन द्वारा समाज की धर्मशाला, राजीव नगर में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संघ के अध्यक्ष संदीप सूर्यवंशी एवं महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष आशा सूर्यवंशी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। महाआरती के बाद संघ के पदाधिकारी एवं समाजजन कंचनपुर स्थित संत रविदास मंदिर पहुंचे, जहां विधि-विधान से महाआरती कर समाज एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इसके पश्चात संघ के सदस्य गांधीनगर, नानाखेड़ा स्थित संत रविदास मंदिर पहुंचे और दर्शन-पूजन किया। इस अवसर पर समाज के सभी लोगों, महिलाओं एवं बच्चों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी गईं। पूरे दिन समाजजन विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पहुंचे और गुरु प्रसाद ग्रहण कर गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर मंडेरिया, लीलाधर अहिरवार, डॉ . श्याम सूर्यवंशी, प्रेम सूर्यवंशी, फूल सिंह सूर्यवंशी, मुकेश सूर्यवंशी, राजेश सूर्यवंशी, ब्रज सूर्यवंशी, संजू पिपरिया, दीपक सुनहरे सहित बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर मंडेरिया, लीलाधर अहिरवार, डॉ. श्याम सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष प्रेम सूर्यवंशी, पहलवान फूल सिंह सूर्यवंशी, मुकेश सूर्यवंशी, राजेश सूर्यवंशी (विक्रम नगर), राजेश सूर्यवंशी (पॉलिटेक्निक), ब्रज सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे। यह जानकारी नंदकिशोर मंदेरिया पूर्व अध्यक्ष ने दी।

वाल्मीकि धाम में 51 लाख बार गूंजा ओम नम : शिवाय

उज्जैन। सावन माह के प्रथम दिवस पर श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम आश्रम में ओम नम : शिवाय का 51 लाख बार जाप किया गया। वाल्मीकि धाम पीठाधीश्वर एवं राज्यसभा सांसद राष्ट्रीय संत बालयोगी श्री उमेशनाथ जी महाराज के सानिध्य में देश के विभिन्न प्रांतों से आए भक्तों ने करीब दो घंटे तक भावविभोर होकर यह जाप किया। आश्रम में मौजूद 16 राज्यों के शिष्य-भक्तों ने अपने-अपने शहरों के साथ ही अन्य देशों में भी ओम नम : शिवाय जाप का आयोजन करने का संकल्प लिया। महामंत्र जाप के पश्चात सभी भक्तों ने भजनों का आनंद लिया। उल्लेखनीय है कि संत उमेशनाथ महाराज की प्रेरणा से ओम नम : शिवाय जप समिति और श्री हरि आध्यात्मिक सेवा संस्थान द्वारा पिछले 11 वर्षों से सावन माह में यह आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत पूरे सावन मास में शहर के मठ-मंदिरों, स्कूल, कॉलेजों सहित विभिन्न स्थानों पर जाप किया जाता है। इस वर्ष भी उज्जैन शहर में लगभग 250 स्थानों पर ओम नम : शिवाय का जाप किया जाएगा।

27 को होगा सनातन गौरव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

उज्जैन। आगामी 27 सितंबर को बेटी दिवस के अवसर पर शहर के शर्मा परिसर में सनातन गौरव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सर्व श्री सनातन धर्म संस्कार जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने बड़नगर पहुंचकर विधायक जितेन्द्र पण्ड्या को आमंत्रण पत्र सौंपा। विधायक पण्ड्या ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में समाज सेवा, शिक्षा, पत्रकारिता, चिकित्सा, संस्कृति और धर्म के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों व प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इस दौरान सनातन गौरव सम्मान और नारी शक्ति सम्मान भी प्रदान किए जाएंगे। विधायक को आमंत्रण देने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में समिति के प्रदेश अध्यक्ष पं . मनोज रावत, अध्यक्ष अभिजीत जोशी, रितिक सोनगरा, रवि चौधरी, अरुण पटेल और संदीप पाठक सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। सर्व श्री सनातन धर्म संस्कार जन कल्याण समिति ने प्रदेशभर के समाजसेवियों, प्रतिभाओं और गणमान्य नागरिकों से इस गरिमामय समारोह में सहभागिता करने की अपील की है।

जिला पंचायत सीईओ ने छात्राओं को दिए सफलता के मंत्र

उज्जैन। शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में सिविल सेवा दिवस के उपलक्ष्य में अभिप्रेरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट ने छात्राओं को मार्गदर्शन दिया। सीईओ कुमट ने छात्राओं को बताया कि करियर का चुनाव करने के लिए अपनी ताकत और कमजोरी का पता होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने एक कविता %मछली को लगाकर उड़ने न कहो बोलो श्रीमान, नीचे गिर जायेगी श्रीमान% के माध्यम से रुचि अनुसार करियर चुनने की बात समझाई। जीवन को तरंग की भांति बताते हुए उन्होंने गौतम बुद्ध के मध्यम मार्ग को अपनाकर समभाव से चलने के लिए प्रेरित किया। कुमट ने आधुनिक तकनीक का जिक्र करते हुए छात्राओं को चैट जीपीटी और जेमिनी के सही उपयोग के बारे में बताया। साथ ही, एमपीपीएससी और यूपीएससी परीक्षाओं के चरण व तैयारी पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं के प्रश्नों के माध्यम से उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य वंदना गुप्ता ने भी मछली और बंदर के उदाहरण से छात्राओं को अपनी रुचि अनुसार रोजगार चुनने के लिए प्रेरित किया।

पुलिस ने चोरी के अपराध का किया 12 घंटे में खुलासा

महिदपुर। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला उज्जैन करणदीप सिंह, एसडीओपी ज़ेंडेन लिंगज़ेरपा के मार्गदर्शन में संपत्ति संबंधी अपराधियों की पतारशी करने हेतु निर्देशित करने पर टीम तैयार कर आरोपी गण को गिरफ्तार कर माल बरामद कर आरोपी गण को भेजा जेल।

30 जुलाई को फरियादी श्रवणसिंह पिता दुलेसिंह जाति सौंधिया राजपूत उम्र 45 साल निवासी मोचीखेड़ा महिदपुर ने थाने पर रिपोर्ट किया कि रात्रि में विद्युत मण्डल के स्टोर रुम टेंशन चौराहा के पास महिदपुर से एल्युमिनियम का 33 केवी तार करीब 200 किग्रा व तांबे के तार करीब 50 किग्रा कुल कीमत करीब 1 लाख 50 हजार रुपये को चुरा कर ले गये है । रिपोर्ट पर से थाना महिदपुर पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौराने विवेचना आरोपी गण आमीर उर्फ भय्यु पिता पप्पु खान जाति पिन्जारा उम्र 29 साल निवासी यादव मोहल्ला महिदपुर, फैजान पिता इकबाल खान जाति पठान उम्र 19 साल निवासी ईदगाह कालोनी महिदपुर, अबरार पिता भय्यु शाह जाति फकीर उम्र 23 साल निवासी जैल रोड महिदपुर, मनीष पिता स्व. ओमप्रकाश पंवार जाति पारदी उम्र 19 साल निवासी ग्राम रुद्रखेड़ा को गिरफ्तार कर चोरी गया मश्रुका जब्त किया गया। आरोपी गण को न्यायालय महिदपुर पेश किया गया। आरोपी गण का जैल वारंट बनने पर आरोपी को उपजेल महिदपुर में दाखिल करवाया गया।

क्षिप्रा तट पर 13 को मनेगी वीर दुर्गादास की 388वीं जयंती

उज्जैन। क्षिप्रा तट स्थित ऐतिहासिक समाधि स्थल पर 13 अगस्त को क्षत्रिय वीर दुर्गादास राठौड़ की 388वीं जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर समग्र राजपूत सरदारों द्वारा उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा 56 करोड़ रुपये की लागत से इस स्मारक का तेजी से विकास किया जा रहा है, जिससे यह स्थल जल्द ही शहर के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में पहचाना जाएगा। वीर दुर्गादास राठौड़ स्मृति समिति के संयोजक भरत सिंह हाड़ा ने बताया कि पुष्पांजलि कार्यक्रम में जोधपुर राजवंश के प्रतिनिधियों के साथ ही विभिन्न क्षत्राणी संगठन भी शामिल होंगे। हाड़ा के अनुसार, वीर दुर्गादास जोधपुर-मारवाड़ राजवंश के प्रमुख सेनापति थे। उन्होंने मारवाड़ और सीमावर्ती रियासतों पर मुगलों और आततायियों के आक्रमणों का डटकर मुकाबला कर विद्रोहियों को धूल चटाई थी।

शिक्षक का शव मिला, मामला संदिग्ध, एमपीएस में पढ़ा रहा था

महिदपुर। नगर में एक बुजुर्ग का शव नग्न अवस्था में मिला। बताया जा रहा है बुजुर्ग बच्चों को पढ़ाने का काम करता था। मकान मालिक की सूचना पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

महिदपुर निवासी निखिल कोचर ने थाने पर आकर सूचना दी कि 34, सुभाष पथ निवास करता हूं, और कोर्ट में वकालत करता हूं। मेरे निवास पर संजय नाग पिता उपेन्द्र नाग उम्र 59 साल निवासी डोडामुहुला जिला बोलनगीर उड़ीसा का 16 जून 2026 से तीसरे मंजिल पर किराये से अकेला रह रहा था, जो एमपीएस एकेडमी महिदपुर में पढ़ाने का काम करता था। आज करीब 12.30 बजे में अपने घर पर गया तो संजय नाग के फ्लेट का दरवाना अंदर से लगा तो मैंने दरवाजा खटखटाया व आवाज लगाई तो अंदर से कोई आवाज नहीं आयी, फिर मैंने संजय नाग के मोबाइल पर फोन भी लगाया, तो फोन अंदर बज रहा था, लेकिन संजय नाग फोन नहीं उठा रहा था। काफी देर तक संजय नाग ने दरवाजा नहीं खोला तो पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस वाले मौके पर आये व दरवाजा तोड़ा व अंदर देखा तो संजय नाग जमीन पर पेट के बल पड़ा था। जिसकी सांस नहीं चल रही थी। जिसको हमने सीधा किया तो संजय नाग का बांया हाथ बांये तरफ सीने पर था तथा संजय नाग के शरीर पर कोई चोंट आदि का निशान नहीं दिख रहा था।

गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया

उज्जैन। शहर की प्राचीन व्यायाम परंपरा को समर्पित संस्था अच्युतानंद प्रसादिक जीवाजीराव व्यायामशाला में 108वां गुरु पूर्णिमा उत्सव पारंपरिक एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में धूप-दीप, आरती एवं चातुर्मास सूर्य नमस्कार के संकल्प के साथ हुई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्री रामचंद्र सोलपंखी का 95वां जन्मदिवस भी मनाया गया तथा उन्हें शुभकामनाएं दी गईं।सायंकाल आयोजित कार्यक्रम में गुरु पूजन के पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

इस अवसर पर नगर निगम के नवनियुक्त एल्डरमैन श्री अरविंद उपाध्याय एवं श्री मुकेश मालवीय का पुष्पमालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गोपाल व्यास, गजेंद्र मेहता, नितिन जोशी एवं गजानंद रामी के आतिथ्य में विद्यार्थियों को खेलकूद प्रतियोगिताओं के प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। साथ ही संस्था के सक्रिय कार्यकर्ता श्री संतोष राय का सम्मान भी किया गया। स्वागत भाषण उत्सव समिति के संयोजक विनोद चौरसिया ने दिया।

इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक महेंद्र जैन, कार्याध्यक्ष सत्यनारायण शास्त्री, रविंद्र पेंढारकर, सुनील पित्रे, व्यायाम शिक्षक कशिश खींची, मनीष पवार, मलखंब के राष्ट्रीय खिलाड़ी इंद्रजीत नगर, विद्यार्थी, अभिभावक एवं व्यायाम प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अजय विपट ने किया, आभार प्रदर्शन नितिन जोशी ने व्यक्त किया।

गुरू पूर्णिमा पर महिदपुर नगर में गुरुपूजन उत्सव संपन्न

महिदपुर। बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर महिदपुर के द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव अंतर्गत गुरु पूजन नगर के प्रांत की रचना अनुसार नगर की पाचो बस्ती में गुरु पूजन सम्पन्न हुआ। जिसमें शिवाजी बस्ती श्रीराम मन्दिर औदिच्य ब्राह्मण समाज धर्मशाला। माधव बस्ती श्री गोपाल धर्मशाला पुराना बस स्टैंड। मधुकर बस्ती- स्नेह सिटी कॉलोनी गार्डन, मन्दिर परिसर।

केशव बस्ती आंजना धर्मशाला बिनपुरा रोड़। बजरंग बस्ती श्री मेवाड़ा माली समाज धर्मशाला भीमाखेड़ा। आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ जनों ने बौद्धिक में व्यक्ति पूजा से मुक्ति और तत्वनिष्ठा पर प्रकाश डाला। संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने यह स्पष्ट किया था कि कोई भी व्यक्ति कितना भी महान क्यों न हो, उसमें मानवीय सीमाएं या अपूर्णता हो सकती है, और व्यक्ति समय के साथ बदल सकता है।

इसके विपरीत तत्व और उसके प्रतीक हमेशा शाश्वत व अटल होते हैं। इतिहास और संस्कृति का प्रतीक भगवा रंग हमारी संस्कृति, त्याग, शौर्य, ज्ञान और बलिदान का प्रतीक रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोबिंद सिंह और महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों ने इसी ध्वज को अपने आदर्श और प्रेरणा का स्त्रोत माना था।

> इसे देखकर राष्ट्र के प्रति समर्पण और स्फूर्ति का भाव जागृत होता है भगवान श्री कृष्ण ओर राम ने भी भगवा ध्वज के तले धर्म युद्ध लड़ा। साथ ही उपस्थित संघ कार्यकर्ताओं ने प्रथम गुरु भगवा ध्वज को प्रणाम कर गुरु पूजन किया।

गौ माता के सम्मान में कानून नहीं बना तो उग्र आंदोलन

उज्जैन। श्री सेनापति काल भैरव गौ सेवा संगठन द्वारा गौ माता के मृत शरीर को सम्मानपूर्वक समाधि देने की व्यवस्था लागू करने और इसके लिए कानून बनाने की मांग को लेकर जागरूकता वाहन रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में साधु-संत, संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गौ-सेवक शामिल हुए। वाहन रैली काल भैरव मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कोठी पैलेस स्थित कलेक्टर कार्यालय पहुंची। यहां संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी विष्णुनाथ महाराज के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कलेक्टर की ओर से अपर कलेक्टर ने ज्ञापन प्राप्त कर मांगों को वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। रैली के दौरान गौ-भक्त गौ माता के सम्मान में कानून बनाओ के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। कई श्रद्धालु गौ माता को साथ लेकर भजन-कीर्तन करते हुए रैली में शामिल हुए। वहीं बड़ी संख्या में युवा हाथों में भगवा ध्वज लेकर जय श्रीराम के जयघोष करते हुए गौ-रक्षा और गौ-सम्मान का संदेश दे रहे थे।

> कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चक्रवर्ती श्मशान घाट के महंत सोमवार नाथ जी महाराज उपस्थित थे। संगठन के कोषाध्यक्ष आदर्श सिंह तोमर ने बताया कि संगठन लंबे समय से गौ माता के मृत शरीर के सम्मानजनक अंतिम संस्कार एवं समाधि के लिए कानून बनाने की मांग कर रहा है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी विष्णुनाथ महाराज ने कहा कि ज्ञापन में हमारी प्रमुख मांग है कि जिला स्तरीय नीति तैयार की जाए।

सुंदरकांड पाठ के साथ-साथ दिया पर्यावरण संरक्षण और यातायात जागरूकता का संदेश

उज्जैन। भारतीय संस्कृति की गुरु-शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में संत नगर शिवाजी पार्क स्थित विचित्र वीर हनुमान मंदिर में भक्तिमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया। स्पंदन सामाजिक पारमार्थिक शिक्षा उन्नयन समिति और संजय जैन गुरुजी शिष्य मंडल ने अपने मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत संजय जैन के सम्मान में शाम 5 बजे यह आयोजन किया। आयोजन के दौरान गुरु दरबार की वर्ष भर चलने वाली सेवा गतिविधियों के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके लिए लोगों को कपड़े की थैलियां और तुलसी सहित अन्य औषधीय पौधे वितरित किए गए। साथ ही यातायात जागरूकता के उद्देश्य से रेड ट्रैफिक स्टिकर भी बांटे गए। कार्यक्रम में गरीब व जरूरतमंदों और मंदिरों के लिए फल, फूल और मिठाई का वितरण भी किया गया। विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु, ज्योतिषज्ञ, वास्तुविद, मोटिवेशनल स्पीकर और मंदिर जीर्णोद्धारक श्री संजय जैन के मार्गदर्शन में यह सभी कार्य संपन्न हुए। कार्यक्रम की सफलता पर स्पंदन समिति और शिष्य मंडल ने उपस्थित सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

सुखी रहना है तो समस्त जीवों को सुख पहुंचाओ

उज्जैन। मालवा विभूषण पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय वीररत्नसूरीश्वर महाराजा की दिव्य कृपा एवं पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय पद्मभूषणरत्नसूरीश्वर महाराजा के शुभ सान्निध्य में पावन चातुर्मास के अंतर्गत शुक्रवार को अरविंद नगर स्थित जैन मंदिर में आगम ग्रंथ वाचन का शुभारंभ श्रद्धा एवं भक्ति के साथ हुआ। प्रारंभ में आचारांग सूत्र की विधिपूर्वक पूजा की गई, तत्पश्चात मंगलमय वातावरण में ग्रंथ वाचन का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पूज्य पंन्यास प्रवर ऋषभरत्नविजय ने आचारांग सूत्र के प्रारंभिक सूत्रों का भावपूर्ण विवेचन करते हुए बताया कि सभी जीव सुख चाहते हैं, कोई भी दु:ख नहीं चाहता। इसलिए यदि हम स्वयं सुखी रहना चाहते हैं तो हमें प्रत्येक जीव के प्रति मैत्री, करुणा और अहिंसा का भाव रखते हुए उन्हें भी सुख पहुँचाने का प्रयास करना चाहिए।

एक नजर — गुरु पूर्णिमा पर सेठी नगर मंदिर में हुए विविध धार्मिक अनुष्ठान, मुनिश्री ने दिया जियो और जीने दो का संदेश

धर्म ध्वजा फहराकर जैन समाज ने मनाई वीर शासन जयंती

उज्जैन। शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर (लक्ष्मी नगर-सेठी नगर) में गुरु पूर्णिमा और वीर शासन जयंती महोत्सव अपार उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के परम शिष्य मुनि श्री 108 प्रणीत सागर और क्षुल्लक 105 विधेय सागर जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में धर्म के मार्ग पर चलने वाले श्रावकों का विशेष सम्मान किया गया। समाजजनों ने अष्ट द्रव्य का थाल सजाकर, जैन धर्म की ध्वजा फहराकर और ग्रंथ को सिर पर धारण कर भगवान महावीर स्वामी की प्रथम देशना को याद किया। ट्रस्ट सचिव सुशील लुहाड़िया और समाज सचिव सचिन कासलीवाल ने बताया कि गुरुवार सुबह 6.15 बजे श्रीजी के अभिषेक और शांतिधारा के साथ विशेष पूजा अनुष्ठान शुरू हुए। सुबह 7.30 बजे गुरु मंगलाचरण, चित्र अनावरण, दीप प्रज्ज्वलन, पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट और संगीतमय पूजन किया गया। इसके बाद गुरु ग्रंथ का विमोचन कर ईसा पूर्व से 21वीं सदी तक की 108 गुरु अर्घ्यावली समर्पित की गई। मुनिश्री ने अपने प्रवचन में भगवान महावीर के जियो और जीने दो के सिद्धांत को आज के समय में सर्वाधिक प्रासंगिक बताया।

नियमों का पालन करने वाले श्रावकों को मिला विशेष लाभ

कार्यक्रम में उन श्रावकों को गुरुदेव के पाद प्रक्षालन और ग्रंथ विमोचन का विशेष लाभार्थी बनाया गया, जो नियमित मंदिर दर्शन, अभिषेक, पूजन, रात्रि भोजन त्याग, साधु-संतों की सेवा और धर्म-ध्यान जैसे नियमों का दृढ़ता से पालन करते हैं।